>

Title: Need to increase the frequency of daily trains between Mahua and Bhavnagar in Gujarat and convert railway line between Amreli and Dhasa into broad gauge.

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): आज हमारे अमरेली जिला को रेलवे के विकास की सख्त जरूरत है। रेलवे के विकास के बिना उस जिले का विकास संभव नहीं है, क्योंकि उस जिले की आबादी लगभग 12 लाख है और वहां के 80 प्रतिशत लोग रोजी-रोटी के लिए छोटे-छोटे व्यापार से जुड़े हुए हैं और हजारों लोग प्रतिदिन अपनी रोजी-रोटी के लिए एक शहर से दूसरे शहर में व्यापार के आवागमन करते हैं।

आज हमारे जिला में जो रेलवे लाइन है वह राजुला, अमरेली, सावरकुण्डला, ढसा, लिलिया,डामनगर, पिपावा जैसे क्षेत्र को जोड़ता है लेकिन यहां मुख्य समस्या यह है कि जो एक ट्रेन महुआ से भावनगर सुबह में चलती है वही ट्रेन शाम में वापसी न होकर वह अगले दिन सुबह में वापसी होती है। इससे यात्री को एक रात वहां रूकना पड़ जाता है या फिर उन्हें बस में 125 रू0 से 150 रू0 किराया खर्च कर आना पड़ता है और इससे समय और पैसा दोनों ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

मैं रेलवे मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहूँगा कि महुआ से भावनगर तक प्रतिदिन सुबह में दो ट्रेन जाने के लिए और उसी दिन दो ट्रेन वापसी के लिए चलाये ताकि वहां की जनता की समस्या है, वह समाप्त हो सके और महोदय साथ ही साथ वहां की जनता की एक मांग वर्षों से चली आ रही है वह यह है कि क्षेत्र को जोड़ने वाली जितनी भी नैरोगेज या मीटरगेज लाइन हैं उन्हें ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया जाये और विशेषकर अमरेली से ढसा तक जो लाइन है, उन्हें शीघ्र ही ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया जाये।